मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 189 ■ मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**'कोई एक्ट्रेस साथ काम करना नहीं चाहती थी'**

# श्रीराम चौक में करंट लगने से युवक की मौत

- नेताओं का प्रचार हुआ जानलेवा
- राखी बार के सामने हुआ हादसा
- बैनर निकालते समय युवक हुआ शॉक का शिकार
- शिंदे गुट के विशाल पावशे का बैनर हटाते वक्त गई युवक की जान



**उल्हासनगर.** राजनीतिक प्रचार के लिए शहर में लगाए गए बैनर नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरनाक बनते जा रहे हैं। ऐसी ही एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, शिंदे समूह के एक राजनीतिक नेता विशाल पावशे का बैनर हटाते समय एक 25 वर्षीय युवक की जान चली गई। बैनर हटाते समय यह युवक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना उल्हासनगर शहर के कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के श्रीराम चौक पर हुई और इस घटना से स्थानीय लोगों में गुस्से का माहौल है. मृतक युवक की पहचान सोहेल अनिल भिंगारदिव (25) के रूप में हुई है, जो हमेशा की तरह बैनर हटाने का काम कर रहा था। बैनर की लोहे की राड और बिजली तार के निकट संपर्क से उसे जोरदार झटका लगा, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने राजनीतिक बैनर लगाने की अनियमित प्रथा के खिलाफ नागरिकों में आक्रोश पैदा कर दिया है। कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में शिंदे गुट से उम्मीदवार बनने के इच्छुक विशाल पावशे ने यह बैनर नवरात्रि उत्सव की पृष्ठभूमि में लगाया था, लेकिन उनके कुप्रबंधन के कारण एक युवक की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आवाज उठाई है और संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. कई लोगों ने कहा, ₹शहर में राजनीतिक बैनरों का अनियंत्रित प्रदर्शन रोका जाना चाहिए, ताकि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं दोबारा न हों।₹ फिलहाल इस मामले में विशाल पावशे और उनके कार्यकर्ताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह घटना इस बात का स्पष्ट उदाहरण बन गई है कि नेताओं की प्रसिद्धि के लिए आम नागरिकों की जान जोखिम में डाल दी जाती है. इस घटना ने एक बार फिर उजागर कर दिया है कि सुरक्षा सावधानियां बरते बिना बैनर लगाना और उतारना कितना खतरनाक हो सकता है। नागरिकों को उम्मीद है कि इस मामले में प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई की जायेगी.

## संक्षेप...

### अंबरनाथ में बालाजी पांढरे और शिवाजी नगर में रमेश पाटिल ने चार्ज संभाला

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के तबादले के बाद सोमवार को दोनों पुलिस स्टेशन का चार्ज नए पुलिस निरीक्षकों ने संभाल लिया है. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में बालाजी पांढरे एवं शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में रमेश पाटिल को नियुक्त किया गया है. रमेश पाटिल पहले अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में पुलिस निरीक्षक थे. उन्हें शिवाजी नगर में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बनाया गया है. तो अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में नियुक्त वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पांढरे मुंबई से आए हैं.

अंबरनाथ के पूर्व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर को पुणे का एसीपी बनाया गया है. शिवाजी नगर के अशोक भगत को प्रोन्नत करके उन्हें नासिक का एसीपी बनाया गया है.

# आज हो सकती है चुनाव की घोषणा

## 24 घंटे के अंदर राज्य में आचार संहिता लगने की संभावना

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र के सियासी गलियारे से एक बड़ी खबर सामने आई है. संभावना है कि आज से राज्य में आचार संहिता लागू हो जायेगी. यह बात सामने आई है कि चुनाव आयोग आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा. इसमें झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने की संभावना है.

### महागठबंधन सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक -

राज्य में किसी भी वक्त विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है. उससे पहले राज्य में फैसले हो रहे हैं. आज की राज्य कैबिनेट की बैठक सरकार के लिए अहम है. आचार संहिता से पहले सरकार की ओर से कई फैसले लिए जाने की उम्मीद है. वरिष्ठ प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट बैठक के बाद अगले 24 घंटे में कभी भी आचार संहिता लागू हो सकती है.

**महागठबंधन**



**महाविकास आघाड़ी**



### अलग-अलग दावे, लेकिन चुनाव कब?

बीजेपी सूत्रों के मुताबिक 16 या 17 अक्टूबर को राज्य में आचार संहिता की घोषणा हो सकती है. आईएएस लॉबी के अनुमान के मुताबिक 15 अक्टूबर से ही आचार संहिता की घोषणा हो सकती है. आचार संहिता कब लागू होगी, इसे लेकर तरह-तरह की भविष्यवाणी हो रही है. शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार तक आचार संहिता लागू होने की भविष्यवाणी की है.

### 26 नवंबर को खत्म हो रहा कार्यकाल

अगले 24 घंटे में राज्य में आचार संहिता लागू होने की संभावना है. चुनाव आयोग महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर सकता है. महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है. इससे पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने साफ कर दिया था कि 288 सीटों पर चुनाव होंगे.

केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को महाराष्ट्र झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा की जा सकती है। इसलिए संभावना है कि 24 घंटे बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी. महाराष्ट्र की 288 सीटों और झारखंड की 81 सीटों पर दो चरणों में चुनाव होने की संभावना है. 15 नवंबर को वोटिंग होने की संभावना है.

# सांसद शिंदे ने किया SDO कार्यालय की नई इमारत का उद्घाटन

## तहसीलदार कार्यालय में भी तहसील स्तर के क्रीडा संकुल का हुआ लोकार्पण



**उल्हासनगर.** पिछले कई समय से प्रलंबित पवाई चौक स्थित उपविभागीय अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय की नई इमारत का आखिरकार कल सांसद श्रीकांत शिंदे ने उद्घाटन किया। इसके साथ ही उल्हासनगर-5 स्थित तहसीलदार कार्यालय की नई इमारत में तहसील स्तर के क्रीडा संकुल का भी सांसद ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर उल्हासनगर एसडीओ, तहसीलदार, मनपा आयुक्त विकास ढाकने, डीसीपी सचिन गोरे, शिवसेना नेता गोपाल लांडगे आदि उपस्थित रहे। सांसद शिंदे ने कहा कि अब नागरिकों का कार्य एक ही इमारत के भीतर हो सकेगा जिससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। वहीं काम करने वाले कर्मचारियों को भी नई इमारत में काम करने में सुविधा होगी। तहसील स्तरीय क्रीड़ा संकुल में लोकार्पण के बाद सांसद श्रीकांत शिंदे ने बैडमिंटन भी खेला। सांसद शिंदे ने बताया कि मुंबई में प्रवेश के जो भी प्रवेश मार्ग है वह सभी छोटे वाहनों के लिए टोल फ्री होंगे ऐसा निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है जिसे टोल फ्री मुंबई प्रवास का नाम दिया गया है।

### रिक्शा चालक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी.** आटोरिक्शा में यात्री को बिठाने में हुए विवाद में एक रिक्शा चालक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या का संगीन मामला राज नोली पाइप लाइन मार्ग पर घटित हुआ है. पिंपलास गांव निवासी रिक्शा चालक दिनेश गणपत भोईर (45) का 4 दिन पूर्व माणकोली नाका पर अपने रिक्शा में सवारी बैठाने की खातिर रिक्शा चालक आजम शेख से झगड़ा हो गया था. शुक्रवार शाम को आजम शेख दिनेश के रिक्शा में सवारी की तरह बैठकर पाइप लाइन तक आया और सुनसान जगह देखकर धारदार हथियार से दिनेश की हत्या कर फरार हो गया. कोन गांव पुलिस ने आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया है.

# पटाखा विक्रेता के गोदाम में विस्फोट

- मुरबाड तालुका के कोलठन गांव में हुआ हादसा
- 2 अन्य घायल
- गांववासियों ने 3 किमी दूर तक सुनी विस्फोट की आवाज



**उल्हासनगर.** मुरबाड तालुका के कोलठन गांव इलाके में आज सोमवार सुबह पटाखा गोदाम में जोरदार विस्फोट हो गया. दिल दहला देने वाली इस घटना में उल्हासनगर पटाखा विक्रेता के बेटे मनीष जवाहरलाल नारंग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज दो से तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी. इलाके में धुएं का गुबार उठने से ग्रामीण भयभीत हो गये. धमाके के तुरंत बाद मुरबाड पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे. उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और बचाव कार्य शुरू किया. पटाखों के जखीरे से हुए इस विस्फोट ने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. क्या ज्वलनशील सामान जमा करने के लिए आवश्यक लाइसेंस प्राप्त किए गए थे? और क्या गोदाम में उचित सुरक्षा व्यवस्था रखी गई थी? ये सब अभी जांच के दायरे में है. इस घटना से स्थानीय निवासियों में डर है और वे मांग कर रहे हैं कि ऐसे हादसों पर तुरंत काबू पाया जाए. मौके पर पहुंची पुलिस ने विस्फोट वाली जगह पर पूरी जांच शुरू कर दी है. इस घटना को तहसीलदार ने भी गंभीरता से लिया है। फिलहाल आगे की जांच चल रही है. इस भयानक घटना के बाद, ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करने वाले व्यवसायों के लिए सख्त नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए प्रशासन को ऐसे विस्फोटकों पर नियंत्रण कड़ा करने की जरूरत है।

# उल्हास नदी पर नए पुल का उद्घाटन

- बदलापुर पश्चिम में विधायक कथोरे ने किया मुहुर्त
- 2019 में शुरु हुआ था निर्माण कार्य, 17 करोड़ की लागत से बना पुल



**उल्हासनगर.** 2019 में बदलापुर के पश्चिम में उल्हास नदी पर एक नए यात्री पुल का निर्माण शुरू किया गया था। करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पुल कई महीनों से उद्घाटन का इंतजार कर रहा था। इस पुल का उद्घाटन आज मुरबाड विधानसभा क्षेत्र के विधायक किसन कथोरे ने किया और चूंकि यह नया पुल आज से यात्रा के लिए खोल दिया गया है, बदलापुरकरों को पुराने पुल पर यातायात की भीड़ का एक विकल्प मिल गया है। जैसे-जैसे शहर की आबादी बढ़ रही है, वाहनों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इसलिए, चूंकि उल्हास नदी पर पुराना पुल मोटर चालकों के लिए पर्याप्त नहीं था, इसलिए इस पुल के समानांतर पुल का निर्माण 2019 में शुरू हुआ और आज, जब पुल आखिरकार पूरा हो गया, तो आज स्थानीय विधायक किसान ने पुल का उद्घाटन किया। कथोरे ने विधानसभा चुनाव से पहले इस पुल के लिए पहल की थी। इसके बाद उल्हास नदी क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने और शिव के इतिहास की गवाही देने वाले शहर को शिव के काल में बदलापुर के रूप में पहचान दिलाने के लिए नदी का विहंगम दृश्य दिखाने के लिए एक गैलरी बनाई जाएगी और इस कार्य का भूमि पूजन किया गया।

# मुरबाड में युवक की निर्मम हत्या

- 6 हत्यारे गिरफ्तार
- नवरात्री की रात दो गुटों में हुई थी झड़प
- हत्या का कारण स्पष्ट नहीं



**कल्याण.** मुरबाड शहर से एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है, जहां नवरात्रि की आखरी रात दो समूहों के बीच हुई लड़ाई में एक 29 वर्षीय युवक की धारदार चाकू से वार कर हत्या कर दी गई. इस हत्या मामले में मुरबाड पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना से मुरबाड शहर में तनावपूर्ण सन्नाटा पसरा हुआ है. मुरबाड शहर में जोगेश्वरी देवी के मंदिर के सामने नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा था. बीते शनिवार की रात जब रोजाना की तरह गरबा चल रहा था तो रात करीब बारह बजे देवी का गांव में रहने वाले 29 वर्षीय युवक सचिन (नानू) परमार का कुछ युवकों से विवाद हो गया और झड़प के दौरान दूसरे गुट के लोगों ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक सचिन के परिजनों ने कहा कि जब तक पुलिस सभी हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर लेती तब तक वे शव को कब्जे में नहीं लेंगे, कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन ठाणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी और उपविभागीय पुलिस अधिकारी जगदीश शिंदे द्वारा हत्यारों को पकड़ने का ठोस आश्वासन देने के बाद परिजनों ने शव को कब्जे में ले लिया। आखिरकार इस हत्या के मामले में मुरबाड पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है. इस हत्या के सही कारणों का अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन मुरबाड पुलिस जांच कर रही है.

# महानगर गैस पाइपलाइन फूटी

- कैम्प 5 में सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी से फूटी लाइन
- 15 मिनट तक हुआ गैस लीक
- दुर्गंध से डरे नागरिक




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 5 कुर्ला कैंप से कैलाश कॉलोनी तक सड़क का काम चल रहा है। कल कुर्ला कैंप में जब जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था तब महानगर गैस की पाइपलाइन जेसीबी से टूट गई और गैस लीक होना शुरू हो गया। गैस की दुर्गंध से इलाके के नागरिकों में डर का माहौल फैल गया.

घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और महानगर गैस कंपनी को सूचना दी और गैस रिसाव बंद कराया. 15 मिनट के बाद गैस रिसाव बंद कर दिया गया है और महानगर गैस पाइप लाइन की मरम्मत का काम जारी है.

ज्ञात हो कि शहर में जगह-जगह भूयारी गटर के कारण गड्ढे खोदे गए हैं। खराब रोडों के साथ अच्छे सीसी रोडों को भी तोड़ा जा रहा है जो हाल ही में बनाए गए थे यानि पहले करोड़ों रुपए रोड बनाने में खर्च किए गए और फिर करोड़ों देकर भुयारी गटर का काम कराने में इसी तरह शहरवासियों के टैक्स का पैसा प्रशासन बर्बाद कर रहा है। भुयारी गटर भविष्य में शहर विकास की योजना के अंतर्गत हो रहा है लेकिन कच्छुए की चाल के साथ चल रहे इस कार्य से हर जगह यातायात जाम हो रहा है और इस तरह की दुर्घटनाएं भी हो रही है।

# बदलापुर से डोंबिवली परिसर में जोरदार बारिश

- कई इलाके जलमग्न





**कल्याण.** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक सोमवार की दोपहर बाद जोरदार बारिश हुई. दोपहर के आसपास बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश शुरू हो गई। इससे पहले घने बादलों के कारण दोपहर में अंधेरा हो गया और रात जैसा लगने लगा। अगले एक सप्ताह तक इसी तरह की पोस्ट-मानसून बारिश की संभावना है।

पिछले कुछ दिनों से मानसून जाते-जाते अपना रंग दिखा रहा है. यह बारिश पिछले हफ्ते से देखी जा रही है. उत्तर पूर्वी मॉनसून के कारण हुई इस बारिश से नवरात्रि महोत्सव भी बाधित हुआ. इसके बाद रविवार को मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि अगले तीन दिनों तक इसी तरह बारिश होगी. रविवार दोपहर भी बारिश हुई। पिछले हफ्ते मुरबाड इलाके में भी इसी तरह भारी बारिश के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए थे. इसके अलावा सोमवार दोपहर को भी ठाणे जिले के अधिकांश शहरों में भारी बारिश हुई. दोपहर करीब तीन बजे आसमान में बादल छा गए। इसके बाद करीब चार बजे अंधेरा हो गया और बारिश होने लगी. कुछ इलाकों में तेज़ हवा भी चली. बिजली भी गिरी. दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज बारिश हो रही थी। बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली इलाकों में बारिश हुई। माथेरान से लेकर वांगनी, शेलू और ग्रामीण इलाकों में शाम को बारिश की तीव्रता बढ़ गई. कई जगहों पर हवा की गति करीब 57 किमी प्रति घंटा रही. निजी मौसम वैज्ञानिक अभिजीत मोडक ने बताया कि इस एक घंटे की बारिश के दौरान जिले में औसतन 30 से 50 मिलीमीटर बारिश हुई. इससे सड़कों और निचले इलाकों में पानी जमा हो गया. इसकी मार ड्राइवरों पर पड़ी. अचानक हुई बारिश से शहरवासी भी सहम गये.

### बारिश का एक और सप्ताह

अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने से उत्तर पूर्वी मानसून और तमिलनाडु में बारिश हो रही है। यह बारिश अगले एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। निकट भविष्य में बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसलिए निजी मौसम वैज्ञानिकों ने अभी एक सप्ताह तक बारिश की संभावना जताई है। हालांकि मोदक ने यह भी कहा है कि हमें समय-समय पर बारिश देखने को मिलेगी.

### भिवंडी में कई घरों के उड़े पतरे

भिवंडी शहर व ग्रामीण भाग में तेज आंधी, बिजली गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश से ग्रामीण भाग में भारी नुकसान हुआ है. भिवंडी तालुका स्थित करंजोटी गांव में तेज आंधी के साथ हुई भारी बारिश से अनेक घरों के पतरे उड़ गए हैं.तेज आई आंधी से अनेक जगहों पर बिजली गुल होने से लोगों को दिक्कत झेलनी पड़ी.बारिश से किसानों द्वारा खेत में काटकर रखे गए धान पर पानी गिरने से भारी नुकसान हो गया है.

# महायुति की सरकार फिर से सत्ता में आएगी : श्रीकांत शिंदे

- अंबरनाथ में सांसद ने कई विकास कामों का किया भूमिपूजन

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में सोमवार को सांसद श्रीकांत शिंदे ने तूफानी दौरा करके कई विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शासकीय विश्राम गृह इमारत का लोकार्पण किया. उन्होंने शहर पूर्व में हुतात्मा चौक पर नवनिर्मित शासकीय विश्राम गृह इमारत का लोकार्पण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अंबरनाथ में सबसे ज्यादा विकास कार्य किए हैं. अंबरनाथ में मेडिकल कॉलेज जल्द बनेगा. शहरवासियों को पानी मिले, इसके लिए उन्होंने मोरीवली में जलापूर्ति के लिए 200 करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाने का उद्घाटन किया. तालुका न्यायालय बनकर तैयार है. लाडली बहिन योजना के 7500 रुपए बहनों को दिए गए. हमने परिवारों को सक्षम किया है. दिवाली का बोनस तक बहनों को दे दिया है. ये सरकार सर्वसामान्य जिता का है. सरकार ने आप लोगों के बारे में सोचा है. इसलिए अब विधानसभा चुनाव में आप लोगों को हमारे बारे में सोचना होगा. ऐसा आह्वान श्रीकांत शिंदे ने लोगों से किया.

उन्होंने उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना ही कहा कि पहली वाली सरकार घर पर बैठकर काम कर रही थी. अब उस सरकार को हमेशा के लिए घर में बिठाना है. अंबरनाथ विधानसभा में विधायक किणीकर के विकास कार्यों को देखते हुए उनका सत्कार सांसद शिंदे के हाथों किया गया और कहा कि राज्य में दोबारा महायुति की सरकार आएगी. उस समय भाजपा के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी उपस्थित थे. कार्यक्रम में विधायक किणीकर के अलावा गोपाल लांडगे, पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, सुभाष सालुंखे, छाया वाघमारे, शिवसेना के पूर्व नगरसेवक, पदाधिकारी, युवा सेना के पदाधिकारी उपस्थित थे.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## हर पार्टी में दागी जनप्रतिनिधियों का है जलवा

देश की राजनीति को भ्रष्टाचार, अपराधीकरण और धनबल से मुक्त करने के लिए आमतौर पर सभी राजनीतिक दल आवाज उठाते हैं, चुनावों के दौरान अन्य दलों पर इसे बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाता है। मगर हालत यह है कि शायद ही ऐसा कोई दल है, जो विधानसभा या लोकसभा के लिए उम्मीदवार तय करते हुए इस बात का खयाल रखना जरूरी समझे कि उससे राजनीति के अपराधीकरण, भ्रष्टाचार और धनबल को कितना बढ़ावा मिलेगा। आए दिन की रपटों में यह बताया जाता रहा है कि तमाम दावों के बावजूद राजनीतिक दलों ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले या करोड़पति लोगों को टिकट देने से कभी कोई परहेज नहीं किया, बल्कि ऐसे लोगों को काफी महत्त्व दिया, जिनके पास धनबल हो। हाल ही हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद आई एक रपट के मुताबिक, नई विधानसभा में विधायक बनने वालों में छियानबे फीसद करोड़पति हैं।

इसके अलावा, उनमें तेरह फीसद विधायकों का आपराधिक अतीत है और कई पर गंभीर अपराध के मुकदमे चल रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब पिछले कई वर्षों से देश भर में लगातार इसे लेकर राजनेता चिंता जताते दिखते और अपनी पार्टी के इस रोग से मुक्त होने का दावा करते हैं। सवाल है कि फिर चुनाव में किसी राजनीतिक पार्टी के टिकट पर जीत कर जनप्रतिनिधि बनने वाले वे कौन लोग हैं और उन्हें उम्मीदवार बनाते समय संबंधित पार्टी को उनकी पृष्ठभूमि पर गौर करना और उनसे बचना जरूरी क्यों नहीं लगा? ऐसा क्यों होता है कि सभी बड़े दल अपने प्रतिद्वंद्वियों पर राजनीति में धनबल, आपराधिक पृष्ठभूमि या भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने वालों को बढ़ावा देने का मुद्दा उठाते हैं और उसी आधार पर जनता किसी खास पार्टी को अपना समर्थन भी देती है। मगर वे खुद दागियों को टिकट दे देते हैं। ईमानदारी और शुचिता के बजाय वैसे लोगों को तरजीह दिया जाता है, जिनके पास अथाह धन हो। ऐसे में आर्थिक रूप से साधारण हैसियत वाले ईमानदार लोग चुनाव में हिस्सा भी नहीं ले पाते। सवाल है कि राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं के ऐसे दोहरे रवैये के रहते राजनीति और चुनावों में हिस्सेदारी को कितना लोकतांत्रिक बनाया जा सकेगा!

# देश में तकनीकी क्रांति का नया दूत बनेगा परमरूद्र

भारतीय वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से परमरूद्र सहित तीन सुपर कंप्यूटरों को बनाया है। इनसे ब्रह्मांड की उत्पत्ति, ब्लैकहोल, खगोल विज्ञान और मौसम के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। भारत की तकनीकी प्रगति में यह मील का पत्थर है। इससे नई तकनीकों का विकास होगा और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में इन सुपर कंप्यूटरों को देश को समर्पित किया है। परमरूद्र के अलावा अन्य दो सुपर कंप्यूटरों के नाम अरका और अरुणिका रखे गए हैं।
विश्व स्तर पर चीन के पास सर्वाधिक सुपर कंप्यूटर हैं। इसके बाद अमेरिका, जापान, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, आयरलैंड और ब्रिटेन का स्थान है। इसको देखते हुए भारत सरकार ने मार्च 2015 में सात वर्षों की अवधि (वर्ष 2015-2022) के लिए, 4,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 'राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन' की घोषणा की थी। इस मिशन के अंतर्गत 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन वाले सुपर कंप्यूटरों के माध्यम से एक विशाल सुपर कंप्यूटिंग ग्रिड स्थापित कर देश भर के राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों और संस्थाओं को सशक्त बनाने की परिकल्पना की गई। इस परियोजना का उद्देश्य एक मजबूत भारतीय नेटवर्क स्थापित करना है, जो विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम होगा।
परमरूद्र सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम की प्रोसेसिंग स्पीड एक पेटाफ्लॉप प्रति सेकंड है, यानी ये कंप्यूटर एक सेकंड में 1,000 खरब फ्लोटिंग-




प्वॉइंट ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं। किसी एक मशीन के लिए यह बेहद तेज कंप्यूटिंग स्पीड है। एचपीसी (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम उन्नत कंप्यूटिंग प्रणाली हैं, जिनको जटिल और डेटा-गहन कार्यों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रणालियों का उपयोग आमतौर पर जलवायु मॉडलिंग, आणविक जीव विज्ञान व जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग, इंजीनियरिंग व सामग्री विज्ञान सिमुलेशन और रक्षा व एयरो स्पेस के क्षेत्र में किया जाता है।
परमरूद्र एक उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग सिस्टम है, जिसे जटिल गणनाओं और सिमुलेशन को उल्लेखनीय गति से संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। ये सुपर कंप्यूटर भारत के राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन का परिणाम हैं, जो घरेलू स्तर पर उन्नत तकनीक को विकसित करने में हमारी निरंतर बढ़ती क्षमताओं को दर्शाते हैं।
पुणे में स्थापित विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी) परमरूद्र का उपयोग फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) और अन्य खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के लिए करेगा। जाहिर है, इससे ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ बढ़ेगी। दिल्ली स्थित अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र (आईयूएसी) में सुपर कंप्यूटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा। अरका और अरुणिका सूर्य पर आधारित हैं। 850 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए इन सिस्टमों की मिली-जुली प्रोसेसिंग क्षमता 21.3 पेटाफ्लॉप है। ये दोनों नोएडा स्थित नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट और पुणे के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटरोलॉजी में पहले से मौजूद सिस्टम प्रत्युष और मिहिर की जगह लेंगे। अरका और अरुणिका की मदद से हाई-रेजोल्यूशन वाले मॉडल तैयार किए जाएंगे, जो उष्ण कटिबंधीय चक्रवातों, भारी वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि, गर्म लहरों, सूखे व अन्य मौसम संबंधी अहम घटनाओं से संबंधित भविष्यवाणियों की सटीकता और लीड टाइम को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे। इनकी मदद से भारत मौसम विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ा खिलाड़ी बनने को तैयार है।
इन प्रणालियों का असर वैज्ञानिक अनुसंधानों के अलावा कई अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। इनमें कृषि, आपदा प्रबंधन और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने की विराट क्षमता है। उदाहरण के लिए, बेहतर मौसम पूर्वानुमान हमारे किसानों को फसल प्रबंधन के बारे में बेहतर तैयारी करने में मदद कर सकता है। स्पष्ट है, इन सुपर कंप्यूटरों को स्वदेश में





जब हम ध्यानाभ्यास करते हैं, तो हम अपने आसपास के लोगों को शांति व खुशी प्रदान करने का जरिया बन जाते हैं।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# एक साल में हुईं आठ बड़ी दुर्घटनाएं

तमाम कोशिशों के बावजूद रेल हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे। हर हादसे के बाद खामियों को दुरुस्त कर लेने के वादे और इरादे दोहराए जाते हैं, मगर फिर वही ढाक के तीन पात निकल आते हैं। शुक्रवार को शाम चेन्नई से दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस कवरैप्पेट्टई स्टेशन पर खड़ी माल गाड़ी से टकरा गई। टकराने से गाड़ी के एक डिब्बे में आग लग गई और करीब पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। बीती जून में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंघा एक्सप्रेस भी इसी तरह मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिसमें लोकोपायलट समेत दस लोगों की मौत हो गई थी। उसके कुछ दिनों बाद ही जुलाई में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही गाड़ी उत्तर प्रदेश के गोंडा में पटरी से उतर गई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए थे।

पिछले एक साल में ही ओड़ीशा के बालासोर के बाद अब तक करीब आठ बड़ी रेल दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हर हादसे के बाद रेलमंत्री चिंता जताते, मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा करते और जल्दी ही रेल दुर्घटनाओं पर काबू पा लेने का रटा-रटाया संकल्प दोहराते देखे गए। विचित्र है कि एक तरफ तो तेज रफ्तार गाड़ियां चलाने का खाका खींचा जाता है, वंदे भारत जैसी गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा रही है, स्टेशनों का



रखरखाव निजी हाथों में सौंप कर यात्री सुविधाओं में बेहतरी का श्रेय लूटने की कोशिश की जाती है और दूसरी तरफ मुसाफिरों की सुरक्षा को लेकर जो उपाय किए जाने चाहिए, उसमें शिथिलता नजर आती है। जब भी कोई रेल हादसा होता है तो कवच नामक उपकरण की बात उठती है। सरकार ने खूब बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि कवच लग जाने के बाद गाड़ियों के टकराने और दुर्घटनाग्रस्त होने से निजात मिलेगी। मगर अभी तक इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है।

सरकार खुद मानती है कि कवच लगाने का काम धीमी गति से चल रहा है, उसे तेज किया जाएगा। आंकड़ों में रेल पटरियों के विस्तार, पुलों की मरम्मत और गाड़ियों की संख्या आदि बढ़ाने के मोहक सूचनाएं प्रसारित की जाती हैं, मगर हकीकत यही है कि रेलगाड़ी का सफर भरोसेमंद नहीं रह गया है। आखिर क्या वजह है कि एक ही पटरी पर दौड़ती हुई दो गाड़ियां परस्पर भिड़ जाती हैं या उसी पटरी पर खड़ी गाड़ी से आकर दूसरी गाड़ी टकरा जाती है। चेन्नई की घटना में बताया जा रहा है कि बागमती एक्सप्रेस लूप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई।

आज जब रेल यातायात का संचालन कंप्यूटरीकृत हो गया है, पटरियां बदलने तक में कंप्यूटर प्रणाली का सहारा लिया जाने लगा है, तब कैसे लूप लाइन पर अचानक कोई तेज रफ्तार गाड़ी वहां खड़ी गाड़ी से टकरा जाती है। तमाम हादसों में सिग्नल प्रणाली में गड़बड़ी, पटरी बदलने में लापरवाही आदि कारण प्रमुख पाए गए हैं। गाड़ियों में टक्कररोधी उपकरण लग जाने भर से इन खामियों के ठीक हो जाने का दावा नहीं किया जा सकता। क्या वजह है कि जबसे तकनीकी संसाधनों का उपयोग बढ़ा है, हादसे भी बढ़े हैं, जबकि तकनीकी संसाधन रेल यातायात को सुगम और सफर को सुरक्षित बनाने के इरादे से इस्तेमाल किए जाते हैं। अगर रेल मंत्रालय सचमुच रेलवे को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने को लेकर गंभीर होता, तो इस तरह मुसाफिरों की जान जोखिम में डाल कर गाड़ियां नहीं चलाई जातीं।

# नई दुल्हन पैरों से देती है पति को खाने की थाली

भारत में शादी-ब्याह हो या कोई पर्व-त्योहार, हर राज्य की अपनी परंपराएं और रीति-रिवाज होते हैं. सबको निभाने की अलग रस्मे होती हैं. कई रस्में तो ऐसी होती हैं, जिसके बारे में सुनकर आप हैरान रह जाएंगे. ऐसी रस्मे, रीति-रिवाज जिनके बारे में शायद आप जानते भी न हों. देश में कई जाति, जनजातियां है. इन्हीं में से एक है थारू जनजाति. ये उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और यहां तक कि ये जनजाति नेपाल में भी रहती है. कहा जाता है कि यहां कि महिलाओं को पुरुषों से ऊंचा स्थान और दर्जा प्राप्त है.

थारू जनजाति में जब किसी

## जरा हट के

का विवाह होता है, तो नई नवेली दुल्हन पहली बार ससुराल में रसोईघर में खाना पकाती है. ये रस्म तो कई जगह निभाई जाती है, लेकिन जब थारू जनजाति में नई दुल्हन शादी करके अपने ससुराल जाती है और पहली बार कुछ बनाती है, तो अपने पति को खाने के लिए वह चीज बड़े ही



अजीब तरीके से देती है. आमतौर पर ऐसा करने पर लोग नाराज हो सकते हैं, लेकिन यहां इस रस्म को खुशी-खुशी निभाई जाती है. दरअसल, दुल्हन थाली में भोजन डालकर अपने हाथों से नहीं, बल्कि पैरों से खिसकाकर थाली को अपने पति को देती है. इस रस्म को दूल्हा भी प्यार से निभाता है. जब दुल्हन थाली को अपने पैर से खिसकाकर पति को देती है तो दूल्हा उसे पहले अपने सिर पर लगाता है. उसके बाद ही खाना खाता है. इस रस्म को 'अपना पराया' कहा जाता है. थारू समुदाय में शादी के बाद होने वाली रस्म गौने को 'चाला' कहते हैं.

चंपारन (बिहार), नैनीताल, ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड), लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) में थारू जनजाति के लोग सबसे अधिक रहते हैं. इसके अलावा, नेपाल की कुल आबादी में इस जनजाति के लोग 6-7 प्रतिशत है. उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र के कई गांवों में भी ये जनजाति रहती है. ये लोग जंगल, पहाड़ों, नदियों के इलाके में अपना घर बसाकर रहते हैं. जिस संस्कृति, संस्कार के लिए ये जनजाति जानी जाती है, वे आज भी इनके रहन-सहन में देखने को मिलती है. कहा जाता है शब्द 'थारू' की उत्पत्ति राजस्थान के थार मरुस्थल में रहने वाले लोगों के कारण पड़ा है.

# करवा चौथ के दिन जरूर खरीदें ये 4 चीजें

## चौथ माता प्रसन्न हो खुशहाली से भर देंगी शादीशुदा जिंदगी

सुहागिनों का सबसे बड़ा त्यौहार करवाचौथ अब कुछ ही दिनों दूर है। इस दिन हिंदू धर्म को मानने वाली हर सुहागन स्त्री अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती है, और शाम को चौथ माता की पूजा करती है। ये दिन हर पति-पत्नी के रिश्ते के लिए खास होता है। यूं तो हर किसी के यहां करवाचौथ पर अलग विधि से पूजा होती है, लेकिन कुछ चीजें ऐसी हैं जो इस दिन करना हर किसी के लिए शुभ माना जाता है। आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजें बताने वाले हैं, जिन्हें करवाचौथ पर खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। कहते हैं कि करवाचौथ पर ये चीजें घर लाने से वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहता है और महिलाओं को अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है। तो चलिए जानते हैं आखिर वो कौन सी चीजें हैं।

## सुहाग की निशानी लाल चूड़ियां

सुहागिन स्त्रियों के सोलह श्रृंगार में चूड़ियों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। शादी के बाद से ही महिलाएं अपने हाथों में एक ना एक चूड़ी तो जरूर पहनकर रखती हैं। कहते हैं कि करवाचौथ के दिन चूड़ियां खरीदना बहुत शुभ होता है। इस दिन चूड़ियां खरीदने से चौथ माता प्रसन्न होती हैं और अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान देती



हैं। हालांकि इस दिन आपको लाल रंग की कांच की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए। ये बहुत ज्यादा शुभ मानी जाती हैं।

## घर लाएं ये खुशबूदार पौधा

करवाचौथ के दिन रजनीगंधा का खूबसूरत और खुशबूदार पौधा अपने घर लाना भी बेहद शुभ माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन पति-पत्नी अगर अपने हाथों से घर में रजनीगंधा का पौधा लगाते हैं, तो उनका वैवाहिक जीवन भी इस पौधे की तरह महक उठता है। इसके अलावा ये घर में पॉस्टिविटी का माहौल भी बनाए रखता है। ऐसे में आप करवाचौथ पर अपने पति के साथ मिलकर अपने आंगन या बालकनी में इस पौधे को जरूर लगाएं।

## प्रेम के प्रतीक मोरपंख से सजाएं घर

भगवान श्री कृष्ण के सिर पर सजा मोरपंख धार्मिक रूप से बहुत ही शुभ माना जाता है। इसे प्रेम का प्रतीक भी माना गया है। ऐसे में करवाचौथ के दिन आप अपने घर के लिए मोरपंख जरूर खरीद कर लाएं। इस दिन मोरपंख खरीदने से वैवाहिक जीवन में और ज्यादा प्यार घुल जाता है। मोरपंख की मदद से आप इस खास दिन अपने बेडरूम को भी डेकोरेट कर सकती हैं। ये आपके रिश्ते में और मिठास घोल देगा।

## खरीदें नई चांदी के बिछिया

करवाचौथ के दिन नई चांदी की बिछिया खरीदकर पहनना भी बहुत शुभ माना जाता है। बिछिया सुहागिन स्त्रियों का मुख्य गहना होता है। इसे सुहाग की निशानी का दर्जा दिया गया है। शादी के बाद कोई महिला भले ही कोई और चीज पहने या ना पहने लेकिन उनके पैरों में आपको बिछिया जरूर देखने को मिल जाएगी। ऐसे में करवाचौथ के दिन बाजार से नई चांदी की बिछिया जरूर खरीद कर लाएं और पहनें। ऐसा करने से चौथ माता की कृपा आप और आपके सुहाग पर बनी रहेगी।

# गेहूं के आटे का डोसा

खाना-खजाना

अगर आप नाश्ते में कुछ नया खाना चाहते हैं तो डोसा बनाएं। अब आप सोचेंगे की डोसा में नया क्या है? बता दें कि ट्रेडिशनल डोसा वैसे उड़द की दाल और चावल के पेस्ट को फर्मेंट करके तैयार किया जाता है। लेकिन हम जिस डोसे की रेसिपी आपको बता रहे हैं वह इंस्टेंट डोसा है जिसे आप गेहूं के आटे से तैयार कर सकते हैं। इस डोसे को चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं। यहां देखिए इसकी रेसिपी।

**सामग्री :**

- 2 कप गेहूं का आटा
- 4-5 कप पानी
- 1 चम्मच नमक या स्वादानुसार
- 2 चम्मच घी
- स्वादानुसार नमक
- 2 चम्मच चावल का आटा
- 1/4 छोटा चम्मच जीरा
- 2 बड़े चम्मच बारीक कटी प्याज
- 1 चम्मच दही



- कुछ करी पत्ते टुकड़ों में तोड़े हुए
- आधा छोटा चम्मच कद्दूकस किया अदरक
- 2 से 3 हरी मिर्च

**विधि :**

इसे बनाने के लिए गेहूं के आटे में नमक अच्छी तरह मिला लें इस आटे में चावल का आटा भी मिक्स करें। फिर दही और थोड़ा-थोड़ा पानी डालें और बैटर को धीरे-धीरे तब तक मिलाएं जब तक कि गाढ़ापन दिखने न लगे तो पानी डालें। इस बैटर की कंसिस्टेंसी थोड़ी पतली होती है। इसे गेहूं के डोसा बैटर में करी पत्ता, प्याज, हरी मिर्च, अदरक, जीरा डालें। अच्छी तरह से मिलाएं। अब तवे को गर्म करें और एक बड़े चम्मच से बैटर डालें। तवे को बैटर से भर दें और फिर आंच को मध्यम-धीमी रखते हुए डोसे को पकाएं। डोसे के ऊपर घी की कुछ बूंदें डालें और धीरे से पलट दें। अब दूसरी तरफ से भी थोड़ सेक लें और फिर चटनी के साथ सर्व करें। चाहें तो डोसे में पनीर की फिलिंग भी कर सकते हैं।

# रात में जल्दी नहीं आती नींद?



## फॉलो करें ये टिप्स

हम में से कई ऐसे लोग हैं जिन्हें रात में जल्दी नींद नहीं आने की समस्या होती है. खराब रूटीन के कारण रात भर जगने और दिनभर नींद आने वाली दिक्कत से जूझना पड़ता है. आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स शेयर करेंगे, जिससे आपको रात में जल्दी नींद आने लगेगी और आपकी लाइफस्टाइल हेल्दी हो जाएगी.

## कैफीन और अल्कोहल लेने से बचें

सोने से पहले कैफीन और अल्कोहल लेने से बचें. कैफीन आपके नींद को उड़ाने का काम करता है. आप इसका सेवन सोने से 4-5 घंटे पहले कर सकते हैं. कैफीन ऐसा ड्रिंक है, जिससे आपको एनर्जी मिलती है और थका हुआ महसूस नहीं होता, इसी वजह से आपकी नींद प्रभावित होती है.

## पुदीने की चाय

पुदीने की चाय से आपकी नींद में सुधार आता है. इसके अलावा भी इसके कई फायदे हैं. इसकी चाय आपके पाचन शक्ति को सुधारती है और इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, जिससे बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है. अगर आपको सर्दी खांसी की समस्या है तो आपको इससे भी राहत मिलेगी. पुदीने की चाय बनाने के लिए आप 1 कप पानी में पुदीने की पत्तियां डालें और 5 मिनट तक उबालें. इसके बाद उसमें शहद और नींबू का रस मिला सकते हैं.

## सरसों के तेल से मालिश करें

जल्दी नींद लाने के लिए आप सरसो के तेल का मसाज करवा सकते हैं. बालों में तेल अप्लाई करवाकर आप इससे मालिश करवा सकते हैं. इसके अलावा आप पैर के तले पर भी गरम तेल से मसाज कर सकते हैं.

## ध्यान दें यह जरूरी बातें

- फोन, लैपटॉप या टीवी से दूर रहें.
- खाना देर रात में न खाएं.
- कमरे को अंधेरा करके सोएं.
- बालों में थोड़ा मसाज जरूर करें.

# तेजी से बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप

## जानिए इस खतरनाक बीमारी से बच्चों को कैसे बचाएं

इस समय मच्छरों का कहर काफी बढ़ गया है, जिसकी वजह से इनसे फैलने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया का खतरा भी काफी बढ़ गया है। खासतौर पर इन दिनों डेंगू बीमारी से जुड़े केस काफी ज्यादा देखने को मिल रहे है। ऐसे में घर के बच्चों का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। चलिए जानते हैं, बच्चों को डेंगू के प्रकोप से बचाए रखने के लिए कौन से उपाय करने चाहिए।

## साफ-सफाई कर रखें खास ख्याल

डेंगू बीमारी फैलाने वाले मच्छर एक जगह इकट्ठा हुए साफ पानी में पनपते हैं। घर के अंदर या अगल-बगल कहीं पर भी बारिश का पानी इकट्ठा होता है, तो उसमें डेंगू वाले मच्छर पनप सकते हैं। इसलिए इस बात का ध्यान देना चाहिए कि घर में या बाहर कहीं पर भी पानी कई दिनों तक इकट्ठा ना हो। इसके अलावा समय-समय पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करते रहना चाहिए। घर की साफ-सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए और शाम के समय खिड़की




दरवाजे बंद रखने चाहिए।

## बच्चों को पहनाएं फुल आस्तीन के कपड़े

डेंगू के मच्छर सुबह के समय भी उतने ही एक्टिव होते हैं, जितने शाम के समय। इसलिए मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए, इन दिनों बच्चों को हर समय फुल आस्तीन के कपड़े पहना कर रखने चाहिए। बच्चे अगर घर के बाहर खेलने जा रहे हैं या स्कूल जा रहे हैं, तो भी उन्हें फुल स्लीव्स के कपड़े पहनाकर ही घर से बाहर भेजें।

## मच्छरदानी का करें इस्तेमाल

अक्सर जब बच्चे सो रहे होते हैं, उस समय मच्छर और भी ज्यादा काटते हैं। इसलिए सोते समय बच्चों को मच्छरों के आतंक से बचाने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इस बात का ध्यान रखें कि छोटे बच्चों को खुले में ना सुलाएं। मच्छरों से बचाए रखने के लिए कमरे में मच्छर भगाने वाली क्वाइल या मशीन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि ये सेहत के लिहाज से उतनी सेफ नहीं मनाई जाती हैं इसलिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करना बेस्ट ऑप्शन है।

## बच्चों के खानपान का रखें ध्यान

जिन बच्चों की इम्युनिटी पावर कमजोर होती है, उन्हें डेंगू होने का खतरा अधिक होता है। ऐसे में बच्चों की इम्यूनिटी का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। उनके खानपान में ऐसी चीजों को शामिल करें, जिसके सेवन से इम्युनिटी पावर स्ट्रॉन्ग होती है। डेली रूटीन में बच्चों को फ्रूट्स, हरी सब्जियां खाने को दें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी।

**वृषभ :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े।

**कर्क :** प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी।

**सिंह :** भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**कन्या :** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला :** शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

**वृश्चिक :** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु :** किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर :** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ :** मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### सनकी प्रेमी की हैवानियत

**मेरठ.** मेरठ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां परतापुर के काशी गांव में रविवार देर शाम सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। गांव निवासी महिला की पड़ोसी युवक ने खेत में गर्दन काट डाली। साथ ही उसका तीन साल का बच्चा फरार हो गया। परतापुर के काशी गांव निवासी महिला नजराना रविवार शाम को घर से अपने बेटे को लेकर मेरठ आने के लिए निकली थी। नजराना ने पड़ोसियों से कहा कि वह मायके जा रही है। इसके बाद नजराना परतापुर पहुंची। नजराना मायके के बजाय परतापुर रेलवे ट्रैक ब्रजबिहार के पास गन्ने के खेतों में शाम को करीब 7 बजे लहूलुहान मिली। महिला की गर्दन काटी गई थी और बच्चा गायब था। कुछ ग्रामीणों को नजराना खेतों में गर्दन कटी हुई हालत में पड़ी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची, साथ ही एंबुलेंस को बुला लिया गया।

### बहराइच में बवाल बढ़ा, आगजनी; इंटरनेट बंद

**बहराइच.** बहराइच में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान रविवार को माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। बहराइच के महसी में बवाल के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीएम योगी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महसी तहसील के महाराजगंज में भड़की उपद्रव की आग की आंच सोमवार को और तेज हो गई। कल की घटना में मारे गए युवक रामगोपाल मिश्र का अंतिम संस्कार कराना प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया। भड़के लोगों ने कुछ गाड़ियों में आग लगा दी। प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने इंटरनेट सेवा बंद कर दी। स्थिति को काबू में करने के लिए एसटीएफ चीफ भी मौके पर पहुंचे हैं। पूरा प्रशासन अलर्ट पर है।

### कानपुर में भीषण हादसा, ट्राले में घुसी कार; इंजीनियरिंग के चार छात्रों समेत पांच की मौत

**कानपुर.** कानपुर के भौती हाईवे पर सोमवार सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे में पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्रों समेत पांच की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय चारों स्टूडेंट्स कार से कॉलेज जा रहे थे। भौती चौराहे के पास पहुंचने पर कार ट्राले में जा घुसी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी काटकर पांचों शवों को बाहर निकालकर तत्काल पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया। सनिगवां निवासी विजय साहू पीएसआईटी के बीटेक फोर्थ ईयर के छात्र प्रतीक, थर्ड ईयर के सतीश और गरिमा और फर्स्ट ईयर की आयुषी को कार में बैठाकर सोमवार सुबह कॉलेज छोड़ने जा रहे थे। अभी कार भौती चौराहे के पास पहुंची थी तभी एकाएक आगे चल रहे ट्राले ने अचानक ब्रेक मारी।

# दूरदर्शन पर शुरू हो 24 घंटे सिंधी भाषा का चैनल

**■ सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर क्या सुनाया फैसला**

**नई दिल्ली.** दूरदर्शन पर 24 घंटे सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने की मांग की है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। एससी ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को ऐसा कोई निर्देश देने ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। गैर-सरकारी संगठन (NGO) सिंधी संगत की ओर से यह याचिका की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने के अन्य तरीके भी हो सकते हैं।

एनजीओ की ओर से पेश सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने का एक तरीका सार्वजनिक प्रसारण है। उच्च न्यायालय ने 27 मई को एनजीओ की याचिका खारिज कर दी थी, जिसे उसने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। गैर-सरकारी संगठन ने अपनी याचिका में कहा था कि प्रसार भारती का 24 घंटे सिंधी भाषा का चैनल शुरू न करने का निर्णय भेदभाव पर आधारित है। इसलिए एचसी के फैसले को रद्द कर देना चाहिए।



**■ हाई कोर्ट ने अपने फैसले में क्या कहा**

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि याचिकाकर्ता एनजीओ दूरदर्शन पर 24 घंटे का सिंधी चैनल शुरू कराना चाहता है। इसे लेकर वो केंद्र को निर्देश देने को लेकर अपने कानूनी या संवैधानिक अधिकार के बारे में उसे समझाने में असमर्थ रहा है और उसकी याचिका अनुचित थी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 की धारा 12(2)(डी) प्रसार भारती पर विभिन्न क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों और भाषाओं को पर्याप्त कवरेज प्रदान करने का दायित्व देती है।

**■ 'पूर्णकालिक चैनल व्यावहारिक नहीं'**

प्रसार भारती ने अपने जवाब में कहा कि तत्कालीन जनगणना के अनुसार, देश में सिंधी भाषी लोगों की आबादी लगभग 26 लाख थी और एक पूर्णकालिक चैनल व्यावहारिक नहीं था। अदालत ने कहा था, 'यह बताया गया है कि प्रतिवादी संख्या-दो (प्रसार भारती) अपने कर्तव्य के निर्वहन में अपने डीडी गिरनार, डीडी राजस्थान और डीडी सह्याद्री चैनलों पर सिंधी भाषा में कार्यक्रमों का विधिवत प्रसारण कर रहा है। जो उन क्षेत्रों को कवर करता है, जहां सिंधी आबादी मुख्य रूप से केंद्रित हैं, यानी- गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र. उच्च न्यायालय ने कहा था कि यह बताया गया कि ये चैनल पूरे देश में उपलब्ध हैं और डीटीएच-एक प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित किए जाते हैं।

# 3 फ्लाइट-एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई.** मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइट में सोमवार (14 अक्टूबर) को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (IGI) एयरपोर्ट पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की 6E-1275 है, यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट इंडिगो की 6E 56 है। यह मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। इन दोनों विमानों को आइसोलेशन बे में रखकर जांच की जा रही है। सभी पैसेंजर्स को फिलहाल विमान से उतार दिया गया है। इधर, मुंबई-हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि, जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया। पिछले 5 दिनों में फ्लाइट में बम की धमकी का यह दूसरा मामला है। 9 अक्टूबर को भी लंदन से दिल्ली के लिए उड़ी विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट UK18 में बम की सूचना थी।

फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने से करीब साढ़े 3 घंटे पहले एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में धमकी भरा टिश्यू पेपर देखा।

# गुजरात से 5 हजार करोड़ की 518 किलो कोकीन जब्त

**5 गिरफ्तार; 12 दिन में इस सिंडिकेट पर 3 छापे**

**13,000 करोड़ की ड्रग्स बरामद**

**अंकलेश्वर.** गुजरात के अंकलेश्वर के अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के गोडाउन से रविवार रात 518 किलो कोकीन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5000 करोड़ रुपए है। दिल्ली-गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।



दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कोकीन उसी इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ी है, जिसकी 2 बड़ी खेप दिल्ली से 2 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान पकड़ाई थीं। पुलिस ने बताया कि अब तक इस सिंडिकेट की कुल 1289 किलो ड्रग्स जब्त की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 13 हजार करोड़ रुपए है।

इस सिंडिकेट से जुड़े कुल 12 लोग अब तब गिरफ्तार हो चुकी है, जिनमें से 7 को दिल्ली की पिछली 2 रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था।

दुबई से ऑपरेट हो रहे इस सिंडिकेट के मास्टरमाइंड की पहचान विरेंदर बसोया के रूप में हुई है। इसके दुबई में कई बिजनेस हैं। पुलिस ने बसोया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। PTI के सूत्रों के मुताबिक पूरे देश में आज तक कभी इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन नहीं जब्त की गई है। पिछले 12 दिनों की ये 3 रेड अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है।

**सिंडिकेट के मेंबर को कोड नेम दिए गए थे**

पुलिस ने बताया कि इस सिंडिकेट के जुड़े ज्यादातर मेंबर एक दूसरे को नहीं जानते थे। वे सोशल मीडिया के जरिए कोऑर्डिनेट करते थे। कम्युनिकेशन के लिए हर मेंबर को एक-एक कोड नेम दिया गया था। इसके अलावा पुलिस को आशंका है कि ड्रग्स की यह खेप साउथ अमेरिकी देशों से समुद्री रास्ते से गोवा लाई गई थी। इसके बाद इसे दिल्ली लाया गया।

# मणिपुर के भारत में विलय का विरोध

**■ 15 अक्टूबर को 'नेशनल ब्लैक डे' मनाएंगे प्रतिबंधित संगठन**

मणिपुर के भारत में विलय के विरोध में प्रतिबंधित संगठनों ने 15 अक्टूबर को 'नेशनल ब्लैक डे' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। साथ ही, मंगलवार को पूरे राज्य में 12 घंटे के पूर्ण बंद की घोषणा की है। इनमें मणिपुर के 6 गैरकानूनी विद्रोही समूह (कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी, कांगलेईपाक यावोल कन्ना लुप, पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक, रिवोल्यूशनरी



पीपुल्स फ्रंट, यूनाइटेड नेशनल और लिबरेशन फ्रंट-कोइरेंग गुट) शामिल हैं। इनकी ओर से कहा गया कि कल शटडाउन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक लागू रहेगा।

बता दें कि विलय समझौते पर 15 अक्टूबर, 1949 को हस्ताक्षर किए गए थे। इससे पहले 21 सितंबर, 1949 को पूर्व-मसौदा विलय समझौते पर मणिपुर के तत्कालीन राजा महाराजा बोधोचंद्र ने अपनी सहमति दी थी। हालांकि, मणिपुर के कुछ गुट आरोप लगाते हैं कि भारतीय संघ के साथ समझौते पर जबरन हस्ताक्षर कराया गया। इसे लेकर वे लगातार विरोध करते रहे हैं। विभिन्न उग्रवादी समूह आज भी मुक्ति की वकालत करते हैं। यही वजह है कि वे हर साल 15 अक्टूबर को 'नेशनल ब्लैक डे' के रूप में मनाते हैं।

**भारत पर छद्म युद्ध छेड़ने का लगाया आरोप**

मणिपुर के प्रतिबंधित व भूमिगत समूह की ओर से जारी बयान में भारत पर छद्म युद्ध छेड़ने का गंभीर आरोप लगाया गया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष का मकसद मणिपुर में क्रांतिकारी आंदोलन को कमजोर करना और यहां के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण करना है। बयान के अनुसार, केंद्र तो यूरेनियम और क्रोमाइट जैसे स्थानीय संसाधनों को निकालने पर ध्यान देता है। राज्य के नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता नहीं दी जाती, जो अपनी ही जमीन पर तेजी से हाशिए पर जाते महसूस कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि इस कथित शोषण के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

### CBI ने मेडीकल बोर्ड से मांगी मदद

**कोलकाता.** कोलकाता के आरजी कर मेडीकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर केस में अपनी जांच को आगे बढ़ाने के लिए सीबीआई ने मेडीकल बोर्ड की मदद मांगी है। सीबीआई ने स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर जनरल की तरफ गठित बहु-संस्थागत मेडिकल बोर्ड की मदद मांगी है ताकि वह कोलकाता डॉक्टर के साथ हुए जघन्य रेप और मर्डर की जांच को बिना किसी गलती के कर सके। सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक मेडिकल बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला डॉक्टर की मौत गला घोंटने की वजह से हुई है.

# बेतुके आरोप, बाज आ जाएं ट्रूडो

**भारत ने कनाडा को निज्जर कांड में लगाई कड़ी फटकार**

**नई दिल्ली.** खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल हुई हत्या के मामले में भारत सरकार ने कनाडा की जस्टिस ट्रूडो सरकार पर तीखा हमला बोला है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि कनाडा का रवैया इस मामले में घोर आपत्तिजनक है और दोनों देशों के रिश्तों के लिए ठीक नहीं है। कनाडा की ओर से रविवार को कहा गया था कि निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों पर भी संदेह है और वे पर्सन ऑफ इंट्रेस्ट प्रतीत होते हैं। अब



इसे लेकर भारत ने कहा है कि यह कुछ और नहीं बल्कि जस्टिन ट्रूडो सरकार की वोट बैंक की राजनीति है। वह अपने राजनीतिक हित साधने के अलावा कुछ नहीं करना चाहती।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर 2023 में इस संबंध में आरोप लगाए थे। इसके बाद भारत की ओर से कनाडा सरकार से कहा गया था कि वह इस संबंध में कुछ सबूत थे। कई बार रिक्वेस्ट करने के बाद भी कनाडा सरकार ने कोई सबूत नहीं दिया था। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि उन्हें रविवार को कनाडा से एक राजनयिक संदेश प्राप्त हुआ जिसमें यह कहा गया कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक कनाडा में एक

# ड्रग दिया, रेप के बाद सड़क पर फेंका

**जालना में 9 साल की बच्ची से हैवानियत**

**जालना.** जालना शहर में नौ साल की मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बच्ची को कथित तौर पर ड्रग दिया गया और फिर उसके साथ रेप किया गया। हैवानियत के बाद दरिंदा उसे सड़क पर फेंककर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है, उसे जिला अस्पताल से संभाजीनगर मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में पांच को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि घटना चंदनझिरा इलाके में रविवार देर रात 11 बजे हुई। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसके कारण उसे पहले जिला अस्पताल से छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेफर किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस वारदात में एक व्यक्ति की संलिप्तता सामने आ रही है। प्राथमिक साक्ष्य के अनुसार, पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

**वारदात के बाद इलाके में तनाव**

बच्ची से दरिंदगी के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने छत्रपति संभाजीनगर रोड पर 'रास्ता रोको' (नाकाबंदी) की और मांग की कि दोषी को सजा दी जाए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने लड़की को उसके घर से तब उठाया जब वह अकेली थी, उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया और फिर उसे सड़क पर छोड़ दिया।

बच्ची अपनी मां के साथ रहती थी, जो घटना के वक्त किसी काम से बाहर गई थी। जब महिला घर लौटी तो उसे अपनी बेटी नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, काफी खोजबीन के बाद उसे लड़की पास की एक गली में बदहवाश हालत में मिली। इसके बाद महिला ने चंदनझिरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# कोरोना वैक्सीन के साइड-इफेक्ट के आरोप वाली याचिका खारिज

**सुप्रीम कोर्ट बोला- सोचिए वैक्सीन नहीं लेते तो क्या होता, याचिका सिर्फ सनसनी के लिए**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन के कारण ब्लड क्लोटिंग जैसे साइड-इफेक्ट का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। चीफ जस्टिस (CJI) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी।

बेंच ने कहा, 'क्लास एक्शन




सूट दायर करें! इसका क्या फायदा है? कृपया यह भी समझें कि अगर आपने वैक्सीन नहीं ली तो क्या साइड-इफेक्ट होंगे। हम इस मुद्दे को उठाना नहीं चाहते, यह सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए है।' यह याचिका प्रिया मिश्रा और अन्य याचिकाकर्ताओं ने दायर की थी।

ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल में कोर्ट में माना था कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि, ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है।

ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।

# हेड-कॉन्स्टेबल की पत्नी-बेटी को तलवार से काट डाला

**■ सूरजपुर में भीड़ ने आरोपी का घर फूंका**

**■ कई गाड़ियों में लगाई आग**

**सूरजपुर.** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की तलवार से काटकर हत्या कर दी गई। आरोपी का नाम कुलदीप साहू है। दरअसल एक केस के सिलसिले में तालिब अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कुलदीप को पकड़ने गए थे। मगर वह फरार हो गया। जिसके बाद कुलदीप ने तालिब के घर में घुसकर उनकी पत्नी-बेटी का मर्डर कर दिया। साहू ने बाद में लाश को करीब 5 किलोमीटर दूर नहर के पास खेत में फेंक दिया। अर्धनग्न हालत में शव मिले हैं। वारदात के बाद गाड़ी से भाग रहे आरोपी का पीछा किया गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने कुलदीप साहू के घर और गोदाम के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हालांकि घटना से पहले ही आरोपी के घरवाले कहीं चले गए थे। भीड़ ने SDM से भी मारपीट की। शहर बंद कराकर सूरजपुर थाने का घेराव किया। हालांकि लोगों ने थाने के बाहर चक्काजाम खत्म कर दिया है। तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# हरियाणा कांग्रेस में अब इस्तीफों का दौर!

**■ प्रभारी दीपक बाबरिया ने की पहली पेशकश**

**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा चुनाव की अप्रत्याशित हार ने कांग्रेस में बवाल बढ़ा दिया है। नेता एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं तो वहीं अब इस्तीफों का दौर भी शुरू हो सकता है। सबसे पहले राज्य के प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया ने इस्तीफे की पेशकश कर दी है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से इस्तीफे की पेशकश की है और हरियाणा



की हार के लिए नैतिक जिम्मेदारी ली है। उन्होंने हाईकमान से कहा है कि उनकी जगह पर किसी नए शख्स को यह जिम्मेदारी दी जाए। इसे लेकर सीधे राहुल गांधी से ही बाबरिया ने बात की है। दीपक बाबरिया चुनाव के दौरान बीमार थे और अस्पताल में एडमिट थे।

उनकी सीधे तौर पर सीनियर लीडर कैप्टन अजय सिंह यादव ने आलोचना की थी। उनका कहना था कि चुनाव के बीच में दीपक बाबरिया बीमार थे। वह अस्पताल में एडमिट थे और कामकाज ठप था। यदि ऐसी स्थिति थी तो उन्हें हाईकमान को बताना चाहिए था कि उनका कोई विकल्प देखा जाए। इस तरह उन्होंने बाबरिया पर लापरवाही का आरोप लगाया था। अब खुद बाबरिया ने नैतिक जिम्मेदारी ली है और इस्तीफा देने की बात कही है। दरअसल हरियाणा में जब टिकटों का बंटवारा हो रहा था और प्रचार जोरों पर था, तब दीपक बाबरिया दिल्ली के एम्स में एडमिट थे। उन्हें रक्तचाप से जुड़ी समस्या हो गई थी। दरअसल दीपक बाबरिया का हरियाणा में कोई जनाधार नहीं रहा है और उन्हें ज्यादातर नेता महत्व नहीं देते। इसी को लेकर बवाल होता रहा है। कैप्टन अजय यादव तो उन पर सीधे हमलावर हुए। उन्होंने कहा कि आखिर ऐसे कैसे कोई प्रभारी हो सकता है, जो चुनाव के वक्त सीन से ही गायब था। दरअसल दीपक बाबरिया को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का करीबी माना जाता है।

**जाहीर नोटीस**

**निवासी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी उल्हासनगर यांचे कार्यालय, गांधी रोड उल्हासनगर-५**

दुरध्वनी क्र.:-02512530568 ईमेलः tahulhasnagar@gmail.com

१) श्री. सोनी किशनचंद समतानी — अर्जदार
रा. उल्हासनगर, जि. ठाणे

**विरुध्द**

२) निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, — सामनेवाले
उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

तमाम जनतेस सदर नोटीसीद्वारे सुचीत करण्यात येते आहे के येणेप्रमाणेः

१. उपरोक्त अर्जदार **श्री. सोनी किशनचंद समतानी** यांचा जन्म/मृत्यू उल्हासनगर येथे दिनांक 24/07/1966 रोजी झालेला आहे. अर्जदाराकडून काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर मृत्यूची नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर दफ्तरी करुन मृत्यूचा दाखला प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता. अर्जदार यांना त्यांच्या वडीलांचा मृत्यू दाखल्याची आवश्यकता आहे.
२. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी यांचेकडुन आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र 103/2024 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून ३० दिवसाच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी. वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे अर्जदार अर्जदार यांची आई चंद्रज्योती रामबक्श यादव यांचा मृत्यू नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल.

आज दिनांक माहे 11/10/204 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली.

हुकुमावरुन

उल्हासनगर तहसील कार्यालयाचा शिक्का

सही /-
**कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर**

# महेला जयवर्धने मुंबई इंडियंस के हेड कोच बने

**■ मार्क बाउचर की जगह लेंगे**

**■ 2017 से 2022 तक भी कोच रहे जयवर्धने**

मुंबई इंडियंस (MI) ने महेला जयवर्धने को IPL 2025 के लिए अपना हेड कोच बनाया है। वह मार्क बाउचर की जगह लेंगे, जो 2022 और 2023 में टीम के हेड कोच थे।

इससे पहले जयवर्धने 2017 से 2022 तक लगातार पांच साल तक टीम के हेड कोच थे। हालांकि 2022 में MI के दूसरे लीगों में ग्लोबल विस्तार के कारण उन्हें फ्रेंचाइजी का ग्लोबल हेड बनाया गया था, लेकिन अभी उन्हें फिर से




वापस लाया गया है।

**मुंबई इंडियंस से जुड़ सकते हैं पारस म्हाम्ब्रे**

पूर्व भारतीय कोच पारस म्हाम्ब्रे इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन में मुंबई इंडियन के साथ जुड़ सकते हैं। वे इस साल के अंत में होने जा रहे मेगा ऑक्शन में भी मौजूद रह सकते हैं।

रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पारस जल्द ही IPL की सबसे सफल फ्रेंचाइजीज में शुमार MI से जुड़ने वाले हैं, हालांकि फ्रेंचाइजी ने अब तक कोई अनाउंसमेंट नहीं की है। पारस 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के बॉलिंग कोच रहे हैं।

**राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर राजस्थाना के कोच**

पिछले महीने राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर राजस्थान रॉयल्स के साथ जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने 20 सितंबर को दोनों भारतीय कोच को अपने साथ जोड़ने का ऐलान किया था। द्रविड़ और राठौर की कोचिंग में भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप



जीता था।

**पारस खिलाड़ी से ज्यादा बतौर कोच सफल हुए**

पारस म्हाम्ब्रे ने भारत के लिए 2 टेस्ट और 3 वनडे खेले हैं। उनका फर्स्ट क्लास करियर शानदार रहा, लेकिन इंटरनेशनल लेवल पर उन्हें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली। पारस के बारे में कहा जाता है कि वे एक खिलाड़ी से ज्यादा प्रतिभाशाली कोच हैं।

# जम्मू-कश्मीर से 6 साल बाद राष्ट्रपति शासन हटा

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन से पहले राष्ट्रपति शासन हटाने का आदेश रविवार देर रात जारी किया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नए मुख्यमंत्री की शपथ के तुरंत पहले राष्ट्रपति शासन खत्म करने का आदेश जारी किया है।

जम्मू-कश्मीर में पिछले विधानसभा चुनाव 10 साल पहले 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद भाजपा-PDP ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में भाजपा के समर्थन वापस लेने के बाद सरकार गिर गई थी और महबूबा मुफ्ती ने CM पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से जम्मू-कश्मीर में केंद्र का शासन था।

2024 विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) ने 42, उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने 6 और CPI(M) ने एक सीट जीती थी।

रिजल्ट के बाद NC प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि उमर CM बनेंगे। उमर को 10 अक्टूबर को हुई बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया था। उमर ने 11 अक्टूबर को राजभवन जाकर LG मनोज सिन्हा से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम दो सीटों से चुनाव जीते हैं। वह गांदरबल सीट बरकरार रख सकते हैं। कुपवाड़ा से चुनाव हारने वाले नासिर असलम वानी बडगाम सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

## संक्षेप...

### बेटी से किया दुष्कर्म

**ठाणे.** एक व्यक्ति के खिलाफ अपनी 17 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मई 2022 में जब परिवार उत्तर प्रदेश के गोंडा में रह रहा था, तब व्यक्ति ने अपनी बेटी से उस समय दुष्कर्म किया, जब वह सो रही थी। आरोपी ने नाबालिग को इसके बारे में किसी को बताने से गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। जब आरोपी की पत्नी ने उससे इस अपराध को लेकर पूछताछ की तो उसने पत्नी के साथ भी मारपीट की। जब इस अपराध के बारे में रिश्तेदारों को पता चला तो आरोपी ने इसे फर्जी आरोप बता दिया। तीन महीने पहले परिवार ठाणे में शिल फाटा में रहने लगा.

## बाबा सिद्दीकी मर्डर के आरोपी बोले- ऑर्डर था जो मिले, उसे गोली मार दो

# बेटा भी था टारगेट : कुछ दिन पहले जीशान को धमकी दी

### ■ बाबा सिद्दीकी मर्डर में 4 नहीं, 10-15 लड़के शामिल थे

**मुंबई.** बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में सोमवार को मुंबई पुलिस ने बताया कि बेटा जीशान सिद्दीकी भी शूटर्स के निशाने पर था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने इस बात को स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया कि उन्हें दोनों को गोली मारने के आदेश मिले थे, कहा गया था कि जो मिले उसे मार दो। कुछ दिन पहले जीशान को धमकी भी दी गई थी। एक फोन कॉल की वजह से बच गए नहीं तो उनकी भी जान जान सकती थी।

इस मर्डर केस में अब तक 6 आरोपियों की पहचान की गई है। इनमें 3 को गिरफ्तार किया गया है। अब तक धर्मराज, शिव कुमार, गुरमेल, जीशान अख्तर, शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर के नाम सामने आए हैं। धर्मराज, गुरमेल और प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया गया है।

धर्मराज और गुरमेल को 13 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां धर्मराज ने कोर्ट से कहा था कि वो नाबालिग है। टेस्ट में उसका ये दावा खारिज हो गया है।



मजिस्ट्रेट के सामने उसका बोन टेस्ट कराया गया, जिसमें उसकी उम्र 18 साल से ज्यादा निकली।

12 अक्टूबर की रात NCP अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की बांद्रा में हत्या कर दी गई। यह मर्डर सिद्दीकी के विधायक बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर किया गया। बाबा सिद्दीकी कांग्रेस में रहते हुए 3 बार बांद्रा से विधायक बने। इसी साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर अजित पवार के साथ जुड़े थे। बाबा सिद्दीकी मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है।

#### ऑटो से उतरे शूटर, 6 गोलियां मारीं

पुलिस ने 13 अक्टूबर को बताया कि ऑटो से उतरे शूटर्स ने बाबा सिद्दीकी का मर्डर किया था। सिद्दीकी पर 6 राउंड फायर किए गए थे। इनमें से 3 गोलियां सिद्दीकी को लगी थी। फायर 9.9 mm की पिस्टल से किया गया। लॉरेंस गैंग अक्सर इन्हीं पिस्टल का इस्तेमाल करता है। 3 शूटर्स ने सिद्दीकी पर फायरिंग की थी।

सूत्रों ने बताया कि सिद्दीकी मर्डर में 3-4 लोग नहीं, 10-15 लोगों का पूरा ग्रुप शामिल था। सिद्दीकी जब बेटे के दफ्तर से बाहर आ रहे थे, तब इस ग्रुप ने सिद्दीकी से पूछा था कि क्या हमारे साथ दशहरा नहीं मनाएंगे। सिद्दीकी उनके साथ सेलीब्रेशन में शामिल हुए, जब वे अपनी कार की अगली सीट पर बैठने लगे तो पटाखों की आवाज के बीच उन पर फायरिंग की गई।

# मुंबई में छोटे वाहनों के लिए टोल टैक्स फ्री



### ■ विधायक संजय केलकर के नेतृत्व में टोल नाके पर जल्लोष

**ठाणे.** मुंबई, ठाणे, ऐरोली सहित पांच टोल से छोटे वाहनों के लिए प्रवेश करना टोल फ्री हो गया।यह आज मंत्रिमंडल के बैठक में यह अहम निर्णय लिया है।इस निर्णय से लाखों ठाणेकरों को आवगमन करने के लिए राहत मिली.

इस विषय को लेकर विधायक संजय केलकर पिछले नौ साल से मांग कर रहे थे।पिछले कई सालों से आनंद नगर, दहिसर, मुलुंड, वाशी, ऐरोली टोल नाके पर वाहनों की लंबी कतार के साथ ही टोल टैक्स भरना पड़ता था इससे यातायात जाम की समस्या गाड़ी का फ्यूल समय सबका नुकसान करना पड़ता था।लेकिन विधायक संजय केलकर ने इस विषय को समय समय पर सरकार व विपक्ष में रहने के बावजूद भी विधान सभा सत्र में उठाया था जिसका आज लाभ मिला।इस निर्णय का केलकर ने स्वागत किया और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण, परिवहन सदस्य विकास पाटील, सीताराम राणे, राजेश गाडे, महेश कदम, ओंकार चव्हाण, भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भिवंडी में यूपीएससी-एमपीएससी अध्ययन केंद्र का भूमिपूजन संपन्न

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने कहा है कि शहर को एक सभ्य शहर के रूप में पहचान दिलाने के लिए स्थापित किए जा रहे यूपीएससी और एमपीएससी अध्ययन केंद्र शहर के लिए वरदान साबित होंगे।

वे वाटर वर्क्स आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे शहरी बस्ती सुधार योजना के तहत संतोष एम. शेट्टी की पहल से बनाए गए यूपीएससी और एमपीएससी अध्ययन केंद्र के साथ-साथ पूर्व सैनिकों के लिए कल्याण केंद्र और समाज केंद्र भवन के भूमि पूजन के अवसर पर बोल रहे थे।

इस अवसर पर विधान परिषद विधायक एड. निरंजन डावखरे, विधायक महेश चौघुले, संतोष शेट्टी, अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, देवीदास पवार, उपायुक्त शैलेश डोंडे, भाजपा शहर अध्यक्ष व हर्षल पाटिल, आरपीआई शहर अध्यक्ष महेंद्र गायकवाड़, पूर्व सदन नेता विकास निकम, सिटी



इंजीनियर सचिन नाइक सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने कहा कि उक्त भवन मात्र छह माह में बनकर तैयार हो जायेगा, इससे शहर के गरीब एवं महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों को लाभ होगा, जिससे शहर की प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

हाल ही में केंद्र सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है. इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि इस स्थान पर बनने वाले समाज मंदिर में एक मराठी और पाली भाषा अध्ययन केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संतोष शेट्टी ने कहा कि शहर के छात्रों के लिए लाइब्रेरी तो है लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्टडी गाइड की कमी के कारण शहर के छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ रहे हैं. इस प्रस्ताव को रवींद्र चव्हाण ने तुरंत मंजूरी दे दी. उन्होंने सरकारी स्तर पर इसके लिए धनराशि उपलब्ध करायी और अध्ययन कक्ष बनाने का सपना साकार होने की बात कही और इसके लिए सहयोग करने वाले सभी तंत्रों के प्रति आभार व्यक्त किया.

# उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी

**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत सुबह बिगड़ गई थी, जिसके बाद अस्पताल लाया गया।

उनके हार्ट की विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी का फैसला लिया। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि उद्धव ठाकरे को सुबह 8 बजे ही अस्पताल लाया गया था। उन्हें बेचैनी की शिकायत थी, जिसके बाद चेकअप किया गया तो एंजियोप्लास्टी की जरूरत महसूस हुई। उनके हार्ट में ब्लॉकेज



की शिकायत थी। इसी के चलते उनकी आज ही एंजियोप्लास्टी कर दी गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार 12 अक्टूबर को दशहरे की रैली के बाद से ही उद्धव ठाकरे असहज महसूस कर रहे थे। उस रैली में उद्धव ठाकरे ने राज्य की महायुति सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला था। बता दें कि 2016 में भी उद्धव ठाकरे को अस्पताल में एडमिट कराया गया था। तब उनके एंजियोग्राफी टेस्ट हुए थे। यही नहीं इससे पहले भी दो बार उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी जुलाई और नवंबर 2012 में हो चुकी है। तब उनके हार्ट की तीन आर्टरिज ब्लॉक थीं। इसी के चलते उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीबी सूत्रों के अनुसार उनका हार्ट करीब 60 फीसदी तक ब्लॉक था।

## बेवफाई के शक में पत्नी की हत्या

**ठाणे.** एक व्यक्ति ने बेवफाई के शक में पत्नी की हत्या कर दी। फिलहाल पत्नी की हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने अपनी पत्नी पर बेवफाई का शक जताया था. सिद्धेश्वर तालाब इलाके के निवासी भास्कर नारायण सदावर्ते ने 9 अक्टूबर को अपनी पत्नी प्रमिला (27) की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस प्रवक्ता शैलेश साल्वी ने बताया कि सदावर्ते पत्नी की हत्या के बाद नांदेड़ भागने की कोशिश कर रहा था।

# राष्ट्र चिंतन समय की मांग : पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ

**मुलुंड.** कालिदास नाट्य गृह में रविवार को मुलुंड की विशाल जनसभा में देश प्रेमी जनता के बीच राष्ट्र चिंतन समय की मांग विषय पर अपने मौलिक विचार रखे हुए जन जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

देश के जाने माने साहित्यकार,प्रखर राष्ट्र प्रेमी पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने कहा - देश तो अनेक बार बनते हैं मिटते हैं पर हमारा भारत राष्ट्र अपने संस्कारों, धरोहरों और बलिदानों के बनिस्बत आज भी अमर है । हम विकास और विश्व गुरु बनने की






राह पर आगे बढ़ रहे है । राष्ट्र विरोधी ताकते बार बार देश में अशांति खड़ी कर अड़ंगे लगा रही है।अपने लम्बे मार्ग दर्शन भाषण में पुष्पेन्द्र ने कहा - ब्यूरो केट्स नेता सभी वेतन भोगी है ,ये आयेंगे और चले जाएंगे। राष्ट्र भक्त कार्यकर्ताओं को नेशन फर्स्ट के लक्ष्य को प्राप्त करना है। भारत के सिमा व्रती इलाकों में घूसपेठ लगातार जारी है। डेमोग्राफिक बदलने के कुप्रयास जारी है । सरकार उसे रोक नहीं पा रहीं हैं। राष्ट्र भक्त कार्यकर्ताओं एक जूट हो कर उसका सामना करना है, इस का विरोध करना है तभी राष्ट्र बचेगा। फोरम फार अवेयरनेस आफ नेशनल सेक्यरेटी संस्थान की ओर से श्रीमती अस्मिता गोखले और विनायक काले ने उपस्थित जनसमूह का और उपस्थित मेहमानों का स्वागत और अभिनन्दन किया। वंदेमातरम गीत के साथ कार्य क्रम संपन्न हुआ। यह जानकारी समाज सेवी एवं स्पिक आऊट न्यूज के संपादक उत्तम कुमार पीपाड़ा ने दी। कार्यक्रम को यशस्वी बनाने पूर्व सांसद मनोज कोटक के सहयोग और सहकारिता रही।

# जिलास्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में SST महाविद्यालय का दबदबा



**उल्हासनगर.** क्रीड़ा एवं युवा सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी ठाणे और उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा सेंचुरी रेयॉन स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उल्हासनगर चार स्थित एसएसटी महाविद्यालय की लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान और लड़कों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा।

19 वर्ष से कम आयु की स्पर्धाओं में एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपनी श्रेष्ठता बनाए रखी है। उसी सफलता की परंपरा को जारी रखते हुए, वॉलीबॉल में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कों की टीम ने तृतीय स्थान हासिल कर विभागीय स्पर्धाओं के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की ओर से उनकी सराहना की गई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान, विद्यार्थियों के चेहरों पर जीत की खुशी साफ झलक रही थी।

# ठाणे खाड़ी पुल-3 का CM शिंदे ने किया उद्घाटन

**ठाणे.** मुंबई -पुणे मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक सुगम हो सकेगी. ठाणे खाड़ी पर नवनिर्मित तीसरे पुल की उत्तरी लेन को सोमवार से वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा.

रविवार को ठाणे खाड़ी पुल -3 का उद्घाटन करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के मामले में महाराष्ट्र पूरे देश में नंबर -वन है. मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को वाशी में आयोजित कार्यक्रम में सायन-पनवेल हाईवे पर ठाणे खाड़ी पुल -3 के मुंबई से पुणे की तरफ जाने वाली उत्तरी लाइन का उद्घाटन एवं वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिये रेवास (रायगढ़) से रेडी (सिंधुदुर्ग) कोस्टल रोड पर धरमतर , कुंडलिका, आगरदांडा, बाणकोट, केलशी, जयगड एवं कुणकेश्वर में सात खाड़ी पुलों का भूमि पूजन किया. इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रम) मंत्री दादाजी भुसे, पूर्व सांसद राहुल शेवाले , सार्वजनिक निर्माण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा म्हैसकर-पाटनकर, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. अनिल कुमार गायकवाड़, संयुक्त प्रबंध निदेशक राजेश पाटिल, मुख्य अभियंता राजेश निघोट, मुख्य अभियंता एस.के. सुरवासे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे.

## आम सूचना

मैं श्री उमेश तुलसीदास भाटिया सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 101, 1ला माला, मयूरा महल को-आप. हाउसिंग सो.लि., ब्लॉक नं. बी-37, रुम नं. 222, भाटिया हॉस्पीटल के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 52डीआय012320500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेखा हरेश दोधवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.2.2024 सी.नं. 2912 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री उमेश तुलसीदास भाटिया**

# 'कोई एक्ट्रेस साथ काम करना नहीं चाहती थी'

### ■ मिथुन चक्रवर्ती बोले- उस वक्त सिर्फ जीनत अमान ने किया सपोर्ट

मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में अपने फिल्मी करियर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में उन्हें उनके रंग के कारण काफी कुछ सहना पड़ा था। कोई भी बड़ी हीरोइन उनके साथ काम करने के लिए तैयार नहीं थी। ऐसे में जीनत अमान ने उन्हें सपोर्ट किया। दोनों ने तकदीर फिल्म में साथ काम किया। इसके बाद उनकी एक नई शुरुआत हुई।

मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, 'मुझे पहली ही फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसके बाद मैं अपने आप को सबसे बड़ा समझने लगा। मैं अपने आप को लीजेंड्री एक्टर अल पचीनो से मिलाने लगा। फिर मुझे प्रोड्यूसर्स ने हकीकत दिखाई और सभी फिल्मों से निकाल दिया। तब मुझे पता चला कि मैं गलती कर रहा था। इसके बाद मेरा स्ट्रगल शुरू हुआ।'



मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, '1983 में बृज सदाना फिल्म तकदीर बना रहे थे। उन्होंने तय कर लिया था कि मिथुन ही मेरा हीरो है, तो ब्रिज ने जीनत जी से कहा, देखो यह लड़का बहुत अच्छा है। जीनत जी ने कहा, यह बहुत हैंडसम है और अच्छा डांस करता है। मैं इसके साथ काम करूंगी। इसके बाद फिर मेरी नई शुरुआत हुई। धीरे-धीरे सभी बड़ी एक्ट्रेसेस ने मेरे साथ फिल्में साइन करना शुरू कर दिया। मैं हमेशा जीनत जी का आभारी रहूंगा।'

## NMMT की बसों में महिलाओं को किराए में 50% की छूट

**नवी मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार के 'महिला सशक्तिकरण' अभियान की अवधारणा एवं महिलाओं के सम्मान में नवी मुंबई मनपा परिवहन विभाग द्वारा बसों में यात्रा करते समय टिकट की कीमत पर 50 प्रतिशत की छूट देने का प्रस्ताव को नवी मुंबई मनपा आयुक्त डा कैलाश शिंदे ने अपनी मुहर लगा दी है जिसके बाद सोमवार 14 अक्टूबर से महिलाओं को नवी मुंबई मनपा परिवहन की बसों में आधा किराया देना होगा ।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नवी मुंबई मनपा की विभिन्न नागरिक सुविधाओं और परियोजनाओं के उद्घाटन और भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान घोषणा की थी, 14 अक्टूबर से नवी मुंबई मनपा परिवहन की बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए टिकट की कीमत में 50 प्रतिशत की छूट लागू की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में नवी मुंबई मनपा परिवहन निगम की बसों में प्रतिदिन दो लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं, जिनमें से लगभग 40 प्रतिशत महिला यात्री हैं। मनपा के इस निर्णय से अनुमानित प्रतिदिन 80,000 महिला यात्रियों को लाभ होगा जो नवी मुंबई मनपा की बसों में प्रतिदिन यात्रा करती हैं। मनपा आयुक्त ने नवी मुंबई की महिला यात्रियों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है ।















यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099